Statement

Milk Production—1997-98 (Provisional)

(000 Tonnes)

	States	Milk (000MT)
1	Andhra Pradesh	4510
2	Arunachal Pradesh	44
3	Assam	775
4	Bihar	3475
5	Goa	39
6	Gujarat	4860
7	Haryana	4082
8	Himachal Pradesh	707
9	Jammu & Kashmir	938
10	Karnataka	3697
11	Kerala	2348
12	Madhya Pradesh	5378
13	Maharashtra	5193
14	Manipur	62
15	Meghalaya	59
16	Mizoram	20
17	Nagaland	46
18	Orissa	670
19	Punjab	7350
20	Rajasthan	5500
21	Sikkim	35
22	Tamil Nadu	4000
23	Tripura	47
24	Uttar Pradesh	12934
25	West Bengal	3415
	U.Ts.	
26	A&N Island	22
27	Chandigarh	43
28	D & N Haveli	4
29	Daman Diu	1
30	Delhi	266
31	Lakshadweep	1
32	Pondicherry	36.6
	All India	70557.6

नेपाल की नदियों के कारण बिहार में क्षति

2027. **श्री जनार्दन यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि ब्रहमपुत्र और नेपाल की अन्य नदियों में वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ आने के कारण उत्तरी बिहार के कई जिलों को जान-माल तथा करोड़ों रुपये की फसलों का नुकसान उठाना पड़ता है,

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में नेपाल सरकार के साथ कोई वार्ता की है, यदि नहीं, तो क्या सरकार वार्ता करने का विचार रखती है, और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) से (ग) सरकार को बरसात के मौसम में नेपाल से भारत में बहने वाली नदियों से उत्तरी बिहार में बाढ़ के द्वारा हुई क्षति की जानकारी है। बाढ़ नियंत्रण के प्रश्न पर नेपाल के साथ सभी स्तरों पर नियमित बातचीत होती है। विशेष रूप से, प्रस्तावित कोसी उच्च बांध परियोजना तथा नेपाल से बिहार राज्य में बहने वाली नदियों में बाढ़ नियंत्रण बांधों से संबंधित मामलों को द्विपक्षीय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। बांध निर्माण समितियों जैसे सांविधिक निकाय भी हैं जो विषेष रूप से नेपाल से भारत में बहने वाली चार नदियों (लालबाकेया, कमला, बागमती एवं खाण्डों) पर बाढ़ नियंत्रण उपायों से संबंधित हैं । सरकार की ओर से प्रयास जारी रहेंगे।

कृषि का आधुनिकीकरण

2028. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खाद्यान्न उत्पादन के मामले में प्रत्येक राज्य विशेषकर राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट् और मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि के आधुनिकीकरण के लिए विशेष योजनाओं का ब्यौरा क्या है,

(ख) राज्यों को सस्ते दामों में उन्नत किस्म के बीजों तथा उर्वरक की यथासमय आपूर्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं,

(ग) क्या उक्त राज्यों में उर्वरकों की खपत और उपलब्धता अन्य राज्यों की तुलना में कहीं कम हैं, और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाए किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) केन्द्रीय सरकार द्वारा सभी राज्यों में कृषि के विकास के